स्वास्थ्य मंत्रालय के तकनीकी और वित्तीय सहयोग

से कार्यान्वित परियोजना – CCM

हम ब्रोशरों के अरबी, चीनी, फ्रेंच, हिंदी, अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में अनुवाद के लिए ASL रोमा 1 के SAMIFO सेंटर को धन्यवाद देना चाहते हैं। रोमानियाई अनुवाद के लिए ARCI रोमा को धन्यवाद।

# इटली में स्वास्थ्य सेवाएँ

## कैसे खोजें और उपचार कैसे प्राप्त करें



यह पुस्तिका आपको इटली में उपलब्ध मुख्य स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानने में मदद करने के लिए तैयार की गई है। इसे पढ़कर आप जान सकेंगे कि वे क्या पेशकश करते हैं, वे कैसे काम करते हैं और आप उनका उपयोग अपने और अपने परिवार के लिए कैसे कर सकते हैं।

## स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र (ASL)

ASL इतालवी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का मुख्य केंद्र है। **वे सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा और बीमारियों की रोकथाम के लिए बुनियादी और विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल का आयोजन और प्रावधान करते हैं।**

सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के लिए, अपने बच्चों के लिए सामान्य चिकित्सक या बाल रोग विशेषज्ञ का चयन के लिए; अनिवार्य और अनुशंसित टीकाकरण बुक करने के लिए; विशेषज्ञ क्लीनिकों में जाकर परीक्षण करने के लिए, अपने ASL के जरिए आप राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (SSN) में पंजीकरण कर सकते हैं।

**SSN में पंजीकरण के लिए आपको क्या करना होगा??** अपने निवास परमिट और टैक्स (फिस्कल) कोड के साथ अपने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र (ASL) के पास जाएं, SSN में पंजीकरण कराएं और उपलब्ध सेवाओं की सूची प्राप्त करें।

## सामान्य चिकित्सक

सामान्य चिकित्सक (इसे पारिवारिक चिकित्सक या सामान्य फैमिली डॉक्टर भी कहा जाता है) **पहला व्यक्ति** है जिससे आप **अपने दैनिक स्वास्थ्य के लिए** संपर्क कर सकते हैं। यदि आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है तो वह पहला डॉक्टर है जिससे आपको संपर्क करना चाहिए। सामान्य चिकित्सक उनके कार्यालय में बैठता हैं, परीक्षण, विश्लेषण, विशेषज्ञ जांच और दवाइयां लिखते हैं। जरूरत हो तो वह घर का दौरा भी कर सकते हैं। यह आपको दीर्घकालिक बीमारी जैसे मधुमेह या उच्च रक्तचाप के साथ जीने में मदद करता है। चिकित्सा प्रमाण पत्र तैयार करता है (उदाहरण: बीमारी के कारण काम से अनुपस्थित रहने की स्थिति में)।

**सामान्य चिकित्सक का चयन कैसे करें?** अपने क्षेत्र में उपलब्ध सामान्य चिकित्सक की सूची प्राप्त करने के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें ताकि आप अपने चिकित्सक का चयन कर सकें जहां आपके लिए जाना आसान हो।

## स्वतंत्र पसंद के बाल रोग विशेषज्ञ

स्वतंत्र पसंद के बाल रोग विशेषज्ञ (या पारिवारिक बाल रोग विशेषज्ञ) **जन्म से लेकर 14 साल की उम्र तक, वह आपके बच्चों के डॉक्टर है।** वह विकास की प्रगति को देखता है और स्वस्थ रहने के बारे में सलाह देता है, सुझाव देता है कि कौन से टीके लेने चाहिए। यदि आपका बच्चा बीमार है, तो आप बाल रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं और उसके कार्यालय में विजिट का अनुरोध कर सकते हैं। बाल रोग विशेषज्ञ आपके बच्चों के लिए परीक्षण, विश्लेषण, दवाएं लिख सकते हैं तथा प्रमाण पत्र भी लिख सकते हैं (उदाहरण के लिए, बीमारी के बाद स्कूल लौटने की स्थिति में)।

**बाल रोग विशेषज्ञ का चयन कैसे करें?** अपने क्षेत्र में उपलब्ध बाल रोग विशेषज्ञ की सूची प्राप्त करने के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें ताकि आप अपने डॉक्टर का चयन कर सकें जहां आपके लिए जाना आसान हो।

## अस्पताल

अस्पताल हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्थान हैं, जहां आप उन **स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आ सकते हैं जिनका समाधान ASL सेवाओं में नहीं हो सकता।**

**आप यह सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?**

- **आपातकालीन** स्थिति में, आप सीधे अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में जा सकते हैं, जहां डॉक्टर स्थिति का आकलन करेंगे, आपको कौन से परीक्षण करने का फैसला करेगा, और यह निर्धारित करेंगे कि आपके लिए घर जाना बेहतर है या आपको अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता है।
- **विशेषज्ञ देखभाल या सर्जरी** के लिए, आपका डॉक्टर आपातकालीन कक्ष में जाए बिना अस्पताल के विभाग में में भर्ती होने का अनुरोध करेगा।

## बाह्य रोगी क्लिनिक और पॉलीक्लिनिक

बाह्य रोगी क्लीनिक स्वास्थ्य सेवाएं हैं, जहां अस्पताल में भर्ती हुए बिना भी विश्लेषण, उपकरण परीक्षण (जैसे अल्ट्रासाउंड), विशेषज्ञ डॉक्टरों से मुलाकात, पुनर्वास चिकित्सा करना संभव है। **वे आपको समय-समय पर जांच या गैर-तत्काल देखभाल प्रदान करने के लिए उपयोगी हैं।**

**आप यह सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?** आपके डॉक्टर से लिखित अनुरोध (चिकित्सा पर्चे: Impegnativa) आवश्यक है। सामान्य चिकित्सक के चिकित्सा पर्चे और स्वास्थ्य कार्ड के साथ आप टेलीफोन या ऑनलाइन द्वारा सिंगल बुकिंग सेंटर (CUP) के जरिए सेवा बुक कर सकते हैं। बुकिंग के लिए आपको अपने स्वास्थ्य कार्ड नंबर और अपने सामान्य चिकित्सक के चिकित्सा पर्चे नंबर की जरूरत होगी।

## परिवार परामर्श केंद्र

परामर्श केन्द्र **महिलाओं, दम्पतियों/परिवारों और युवाओं के स्वास्थ्य के लिए समर्पित सामाजिक स्वास्थ्य सेवाएं हैं।** क्लीनिक में विभिन्न पेशेवर काम करते हैं (स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रसूति विज्ञान, नर्स, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता) जो न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य में, बल्कि मनोवैज्ञानिक और/या सामाजिक समस्याओं में भी आपकी मदद कर सकते हैं। कई परामर्श केन्द्रों में आप सांस्कृतिक मध्यस्थों की मदद भी पा सकते हैं।

**परामर्श केन्द्रों में आपको कौन सी सेवाएँ मिल सकती हैं?**

- गर्भावस्था के लिए सहायता।
- गर्भावस्था के दौरान महिलाओं और दम्पतियों को सहायता देने के लिए बैठकें।
- प्रसवोत्तर देखभाल और स्तनपान कराने के लिए सहायता।
- गर्भावस्था की स्वैच्छिक समाप्ति के लिए जानकारी और सहायता।
- स्त्री रोग संबंधी जांच.
- गर्भनिरोधक, यौन संचारित रोग, रजोनिवृत्ति के लिए जानकारी और जांच।
- महिला कैंसर की रोकथाम (उदाहरण के लिए पैप स्मीयर टेस्ट, जो गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को रोकने के लिए होता है)।
- मनोवैज्ञानिक और/या सामाजिक कठिनाइयों के मामले में जानकारी और सहायता।

**आप यह सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?** परिवार परामर्श केन्द्र मुफ्त हैं और सभी के लिए खुले हैं। यहां तक कि जिन नागरिकों के पास वैध निवास परमिट नहीं है, वे भी क्लिनिक जा सकते हैं।

अपने घर के सबसे नजदीक क्लिनिक का पता लगाएं और अपॉइंटमेंट लेने के लिए कॉल करें। आपके पारिवारिक डॉक्टर से चिकित्सा पर्चे लेना जरूरी नहीं है।

## निरंतरता देखभाल सेवा

**जब आपका पारिवारिक डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो,** तो आप निरंतरता देखभाल सेवा से संपर्क कर सकते हैं, जहां आपको एक डॉक्टर मिलेगा जो रात के समय (रात 8:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक), शनिवार, रविवार और इटली में अन्य सभी सार्वजनिक छुट्टियों के दौरान आपकी मदद कर सकता है। आप इस डॉक्टर के पास तत्काल लेकिन गंभीर नहीं समस्याओं के लिए जा सकते हैं।

**आप यह सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?** अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य पोर्टल पर आप निरंतरता देखभाल सेवा के लिए श्रवण केंद्र का नंबर पा सकते हैं। यह सेवा उन सभी लोगों के लिए मुफ्त है जो अपने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत आते हैं।

## स्वास्थ्य सदन और सामुदायिक सदन

इटली के कुछ क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्र/घर और सामुदायिक केंद्र/घर उपलब्ध **हैं। ये सुविधाएं आपको स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल दोनों प्रदान कर सकती हैं।** यहां आप पारिवारिक डॉक्टर या विशेषज्ञ डॉक्टरों से मिल सकते हैं; दीर्घकालिक बीमारियों या विकलांगता की स्थिति में सहायता और समर्थन; और आप बीमारी की रोकथाम के लिए परीक्षण और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य पोर्टल पर जाँच करें कि क्या ये सुविधाएं आपके क्षेत्र में मौजूद और सक्रिय हैं!

## सहायता प्राप्त करने के स्थान

### 1. जनसंपर्क कार्यालय (URP)

यदि आपको स्वास्थ्य सेवाओं और **उनके उपयोग के बारे में जानकारी चाहिए तो** आप URP से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, इस कार्यालय में आप स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए रिपोर्ट या शिकायत कर सकते हैं।

**आप यह सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?** आप अपने ASL के URP से फोन, ऑनलाइन या सीधे संपर्क कर सकते हैं।

### 2. एकल पहुंच का स्थान - Punto Unico di Accesso (PUA)

PUA उन सभी लोगों के लिए एक सेवा है जिनकी **जटिल ज़रूरतें और विशेष कठिनाइयाँ हैं** (उदाहरण के लिए, गैर-आत्मनिर्भर बुजुर्ग लोग, विकलांग या अशक्त व्यक्ति, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं या जब कोई निर्भरता है, कठिन पारिवारिक परिस्थितियों में या दुर्व्यवहार के शिकार लोग)।
PUA सभी आवश्यक देखभाल को सक्रिय और समन्वित करता है।

**आप यह सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?** आप अपने ASL या नगर पालिका से जानकारी मांग सकते हैं ताकि आप टेलीफोन से संपर्क कर सकें या सीधे अपने क्षेत्र में सक्रिय PUA से संपर्क कर सकें।

## अन्य उपयोगी जानकारी

- **आपातकालीन नंबर: 112** (एकल यूरोपीय नंबर), **118** (स्वास्थ्य आपातस्थितियाँ). **112 और 118 पूरे इटली में 24 घंटे सक्रिय टोल-फ्री नंबर हैं; आप किसी भी फोन, लैंडलाइन या मोबाइल से मुफ्त कॉल कर सकते हैं,** भले ही फोन में सिम न हो, ब्लॉक हो या आपके पास फोन क्रेडिट न हो।
- यदि कोई विदेशी बिना निवास परमिट के स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करता है, आपातकालीन नंबरों पर कॉल करता है, आपातकालीन कक्ष तक पहुंचता है या अस्पताल में भर्ती होता है, तो उसके बारे में पुलिस को रिपोर्ट नहीं दी जाएगी।
- **क्षेत्रीय स्वास्थ्य पोर्टल।** उपलब्ध स्थानीय सेवाओं की जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की वेबसाइट देखें।

यहां आप IVG, स्वास्थ्य सेवाओं और अपने अधिकारों के बारे में कई भाषाओं में अधिक जानकारी पा सकते हैं

Gruppo Salute Donne SIMM

Istituto Superiore di Sanità